# मध्यप्रदेश शासन
# भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग
# मंत्रालय

क्रमांक एफ. 6–23/2014/47 भोपाल, दिनांक 29 दिसंबर, 2014

प्रति,

आयुक्त–सह–संचालक,
गैस राहत एवं पुनर्वास,
1, शिवाजी नगर, भोपाल

विषयः गैस राहत चिकित्सालयों के रिक्त पदों पर संविदा मानदेय के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति बावत्।

संदर्भः आपकी टीप एस.एफ.एस. 665/स्टेनो/गैरापु/2014, दिनांक 22.01.2014 एवं 14.10.2014.

000

राज्य शासन एतद् द्वारा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित चिकित्सालयों में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर, विभागीय संविदा सेवा (नियुक्ति तथा सेवा की शर्तें) नियम–2003 के अंतर्गत निम्न पदों पर मासिक संविदा राशि पर नियुक्ति प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान करता है :–

1– चिकित्सा अधिकारी (एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस.) :

| क. | मासिक संविदा वेतन (चिकित्सा अधिकारी) | कुल राशि रू. |
|---|---|---|
| (1) | वेतनमान (15600+39100+5400 ग्रेड पे) का न्यूनतम (15600) + ग्रेड पे (5400) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 2000/–रू.+आकस्मिक सेवाएं अवकाश एवं नाइट ड्यूटी हेतु 2500/–रूपए | 50,070/– |

2– विशेषज्ञ (एम.एस./एम.डी./एम.डी.एस./पीजी डिप्लोमा) – स्वास्थ्य विभाग में प्रचलित नियमों के अनुरूप :

| क. | मासिक संविदा वेतन (विशेषज्ञ–पी.जी.एम.ओ. डिप्लोमा) | कुल राशि रू. |
|---|---|---|
| (1) | वेतनमान (15600+39100+6600 ग्रेड पे) का न्यूनतम (15600) + ग्रेड पे (6600) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 3000/–रू.+आकस्मिक सेवाएं अवकाश एवं नाइट ड्यूटी हेतु 2500/–रूपए | 52,437/– |
| (2) | मासिक संविदा वेतन (विशेषज्ञ–पी.जी.एम.ओ. डिग्री) | |
| | वेतनमान (15600+39100+6600 ग्रेड पे) का न्यूनतम (15600) + ग्रेड पे (6600) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 3000/–रू.+आकस्मिक सेवाएं अवकाश एवं नाइट ड्यूटी हेतु 2500/–रूपए | 53,848/– |

3– मासिक संविदा का निर्धारण चिकित्सा महाविद्यालय के लागू वेतनमान के आधारों पर नीचे दिये गये संवर्गों में किया गया है :

| क. | मासिक संविदा वेतन (कनिष्ठ परामर्शी–सहायक प्राध्यापक के समकक्ष) | कुल राशि रू. |
|---|---|---|
| (1) | वेतनमान (15600+39100+7000 ग्रेड पे) का न्यूनतम (15600) + ग्रेड पे (7000) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 4000/–रूपए | 53,042/– |
| | मासिक संविदा वेतन (परामर्शी–सह–प्राध्यापक के समकक्ष) | |
| (2) | वेतनमान (37400+67000+9000 ग्रेड पे) का न्यूनतम (37400) + ग्रेड पे (9000) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 5000/–रूपए | 1,05,688/– |
| | मासिक संविदा वेतन (वरिष्ठ परामर्शी–प्राध्यापक के समकक्ष) | |
| (3) | वेतनमान (37400+67000+10000 ग्रेड पे) का न्यूनतम (37400) + ग्रेड पे (10000) +107%डीए+10%गृह भाड़ा भत्ता+चिकित्सीय भत्ता 5000/–रूपए | 1,07,858/– |

...निरन्तर 2–

2. संविदा चिकित्सकों की नियुक्ति निर्धारित उपरोक्त संविदा मानदेय पर दो वर्ष के लिये की जावेगी। चिकित्सकों के कार्य के आंकलन के आधार पर नियुक्ति में समयवृद्धि की जावेगी।

3. नियुक्त संविदा चिकित्सकों को उपरोक्त कंडिका–1 में दर्शाये अनुसार संबंधित पदों के कार्यों के अनुरूप भुगतान की पात्रता होगी।

4. चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति से संबंधित प्रकाशन अंग्रेजी एवं हिन्दी समाचार पत्रों में किया जावे, जो महानगरों से प्रकाशित किये जाते हैं तथा स्थानीय समाचार पत्रों में नियमानुसार प्रकाशन किया जावे जिससे योग्य चिकित्सक उपलब्ध हो सकें।

5. यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. कमांक 794/आर./189/बी–6/14, दि. 4.12.2014 से प्राप्त सहमति के आधार पर प्रदान की जाती है।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(के. के. दुबे)
उप सचिव,
मध्य प्रदेश शासन,
भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग

पृ. कमांक एफ. 6–23/2014/47 भोपाल, दिनांक 29 दिसंबर, 2014

प्रतिलिपि :

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, भोपाल
2. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल
3. निज सचिव, प्रमुख सचिव, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मंत्रालय, भोपाल
4. संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल
5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत, भोपाल
6. गार्ड फाईल

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग

